## सार-समाचार

### 1008 विश्वशांति महायज्ञ चन्द्रोदय अतिशय तीर्थ क्षेत्र चांदखेड़ी में

**कोटा,** (निसं)। चन्द्रोदय अतिशय तीर्थ क्षेत्र चांदखेड़ी खानपुर पर संत शिरोमणि आचार्य विद्यासागर महाराज के परम शिष्य मुनिश्री विशद सागर महाराज ससंघ के सानिध्य में श्री 1008 कल्यधुम महामण्डल (समवशरण) विधान एवं विश्व शांति महायज्ञ 11 अक्टूबर से प्रारम्भ होकर 20 अक्टूबर को श्रीजी की यात्रा के साथ सम्पन्न होगा। अध्यक्ष हुकम जैन काका ने बताया कि कार्यक्रम में प्रतिदिन प्रात: 7 बजे मंगलाष्टक, दिबंधन, रक्षामंत्र शातिमंत्र, नित्यमह अभिषेक, अभिषेक घटयात्रा पूजन तत्पश्चात् मंगल घटयात्रा का आयोजन होगा। प्रात: 8.30 बजे ध्वजारोहण स्थन पर पूजन एवं ध्वजारोहण मंडल शुद्धि, मंडल प्रतिष्ठा आदि कार्यक्रम तथा प्रात: 9 बजे मुनिश्री के प्रवचन होंगे, सायं 7 बजे मूलनायक भगवान की आरती, एवं रात्रि 8 बजे सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होंगे। 19 अक्टूबर को विधान की महाअर्चना, विश्वशांति महायज्ञ एवं 20 अक्टूबर को प्रभावना शोभायात्रा निकाली जायेगी। इस भव्य कार्यक्रम के आयोजक पूण्यार्जक पदम कुमार, राजेन्द्र कुमार, हुकम जैन काका, प्रकाश, प्रतीक, वैभव, आर्यदित एवं समस्त हरसोरा परिवार है। कार्यक्रम के प्रतिष्ठाचार्य प्रदीप भैया जी सुयश एवं जितेन्द्र भैया होंगे तथा संगीत की व्यवस्था निलेश जैन एण्ड पार्टी की रहेगी। अध्यक्ष हुकम जैन काका ने श्रद्धालुओं को इस सुअवसर का अधिक मात्रा में लाभ उठाने का निवेदन किया है। अध्यक्ष हुकम जैन काका ने बताया कि पुण्योदय अतिशय क्षेत्र नसियां जी दादाबाड़ी से प्रात: 10 बजे चांदखेड़ी के लिये बस सुविधा उपलब्ध रहेगी। कोटा से जो भी श्रद्धालु समोशरण विधान में पुण्यार्जन करना चाहते है वह इस सुविधा का लाभ ले सकते हैं।

### पोस्टर का विमोचन किया

**कोटा,** (निसं)। आदर्श अग्रवाल सेवा संस्था एवं प्रादेशिक सेवारत वैश्य सेवा संस्था का 29वां अन्नकूट 8 नवम्बर को रीको सामुदायिक भवन इन्द्र विहार पर आयोजित किया जाएगा। जिसमें गिरीराज धरण की मनोरम झांकी सजेगी। झांकी के पोस्टर का गुरुवार को रेडक्रॉस सोसाइटी के अध्यक्ष राजेश बिरला और शिक्षाविद् महेश गुप्ता के द्वारा विमोचन किया गया। अध्यक्ष हुकम मंगल ने बताया कि अन्नकूट महोत्सव में भगवान गिरिराज धरण एवं राधा-कृष्ण भगवान की मनोरम झांकी की सजावट स्थानीय कलाकार द्वारा की जाएगी। इस आयोजन में भगवान का 16 श्रृंगार, राधा-रानी का श्रृंगार, भगवान कृष्ण का श्रृंगार, गिर्राज पर्वत का श्रृंगार होगा। भगवान को 56 प्रकार की तरकारी तथा 15 प्रकार के फलों से भोग लगेगा। बांके बिहारी की महाआरती के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम और भजन संध्या का भी आयोजन किया जाएगा। वहीं छात्र-छात्राओं के द्वारा भी धार्मिक और राष्ट्रीय भजनों पर नृत्य की प्रस्तुति दी जाएगी। इस मौके पर हुकुमचंद मंगल प्रदेश अध्यक्ष, राजेंद्र जैन मुख्य संयोजक, राजेंद्र जैन उपसंयोजक, कन्हैया लाल अग्रवाल, कोषाध्यक्ष गणेश जैन, राजेश जसोरिया, रमेश खंडेलवाल, रमेश गुप्ता अधिशासी अभियंता, प्रदीप गुप्ता, रमेश विजय, दिनेश माहेश्वरी उपस्थित रहे।

### अग्र आरोही अग्रवाल महिला मंच का इंस्टॉलेशन एवं आभार सम्पन्न

**कोटा,** (निसं)। अग्र आरोही मंच का पदस्थापना दिवस हार्मोनी तृतीय एवं आभार समारोह गुरुवार को संपन्न हुआ। जिसमें पूजा मित्तल ने अध्यक्ष पद की शपथ ली। उन्होंने वर्ष उपरांत होने वाले सामाजिक एवं फेलोशिप कार्यक्रमों का ब्यौरा दिया। साथ ही, सचिव पद के लिए निक्की अग्रवाल ने शपथ ली। संरक्षिका शिखा गुप्ता ने कार्यकारिणी को शपथ दिलवाई और आने वाले वर्ष के लिए मोटीवेट किया। पास्ट प्रेसिडेंट अलका अग्रवाल ने अपने कार्यकाल के प्रोजेक्ट डायरेक्टर्स को आभार व्यक्त करते हुए प्रशस्ति पत्र दिया। सचिव ज्योति अग्रवाल ने वर्ष भर किए कार्यों को संक्षिप्त में बताया। ट्रेजरर के लिए सारिका गुप्ता, वाईस प्रेसिडेंट के लिए ज्योति और गरिमा मोदी ने शपथ ली। कार्यकारिणी के सदस्य अनुप्रिय बंसल, नूपुर अग्रवाल, ऋचा गुप्ता, कीर्ति अग्रवाल, सिमी गोयल, श्वेता गोयल, वर्षा अग्रवाल, शिल्पी गुप्ता, रश्मि मित्तल, निकिता अग्रवाल, मनीषा मोदी ने शपथ ली। कार्यक्रम में 5 नए सदस्यों ने भी शपथ ली। गरिमा मोदी एवं अमित जैन ने कार्यक्रम का संचालन और स्वाति मंगल ने सुंदर गणेश वंदना नृत्य प्रस्तुत किया। पास्ट प्रेसिडेंट शालू अग्रवाल, अग्रवाल समाज के सशक्त महिलाए गायत्री, संतोष, गीता अग्रवाल आदि उपस्थित रहे।

### उमंग स्वदेशी मेले का पत्रक विमोचन

**छबड़ा** (निसं)। कस्बे के गायत्री मंदिर परिसर में लगने वाले स्वदेशी मेले की अंतिम बैठक आयोजित की गई। जिसमे तैयारियों को अंतिम रूप दिया गया। जिला संपर्क प्रमुख ऋषि माहेश्वरी ने बताया कि स्वदेशी मेला अब एक राष्ट्रव्यापी मंच बन गया है, जो देश भर के राज्यों से शिल्पकारों, कलाकारों और उद्यिमयों को अपने भारतीय निर्मित उत्पादों और सेवाओं को प्रदर्शित करने का अवसर प्रदान करता है, जिससे सूक्ष्म और लघु व्यवसायों को बढ़ावा मिलता है और आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य का समर्थन किया जाता है। ये मेले पारंपरिक और हस्तनिर्मित वस्तुओं, क्षेत्रीय व्यंजनों और सांस्कृतिक कार्यक्रमों जैसे लोक कला, नृत्य और संगीत का जीवंत उत्सव होते हैं, जिनका उद्देश्य भारतीय संस्कृति और परंपराओं को जीवंत करना और आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वदेशी वस्तुओं के प्रति उत्साह पैदा करना है। कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स वूमेन की संयोजक अनामिका जैन ने बताया कि मेले का शुभारंभ 12 अक्टूबर को सुबह 11 बजे किया जाएगा। उसके उपरांत शाम छह बजे विद्यालयों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुति दी जाएगी एवं 13 अक्टूबर को समापन कार्यक्रम रहेगा। बैठक में कार्यक्रम को सफल बनाने की योजना बनाई गई।

# रंगोली में दिखी ऑपरेशन सिंदूर की झलक

■ मेहंदी में प्रियंका प्रथम, रंगोली में उमा विजेता रही

**कोटा,** (निसं)। राष्ट्रीय मेला दशहरा में गुरुवार को मेहंदी, मांडणा और रंगोली प्रतियोगिता आयोजित की गई। रंगोली में आए प्रतियोगियों ने जमीं पर रंगों से सामाजिक संदेश देते हुए विचारों को प्रतिपादित किया। रंगोली बनाते हुए युवतियों और महिलाओं ने भावनाओं के रंग भरे। रंगोली प्रतियोगिता में बून्दी निवासी उमा कुमारी सुमन विजेता रही।

वहीं तिलक नगर निवासी ज्योति मेवाड़ा और गोपाल विहार निवासी बीना सैनी ने दूसरा स्थान प्राप्त किया।

जबकि स्टेशन की यासमीन तीसरे स्थान पर रही। प्रतियोगियों ने ऑपरेशन सिंदूर को समर्पित करते हुए रंगोली बनाई। जिसमें 'संस्कार, सुरक्षा और सिंदूर का सम्मान.. यह है ऑपरेशन सिंदूर का प्रण' लिखा था। वहीं भारतमाता को वीर सैनिकों के साथ दिखाते हुए सैनिकों की शौर्य गाथा लिखी।

इस दौरान प्रभु श्रीनाथजी को भी रंगोली से सजाया गया था। वहीं नारी सशक्तिकरण का प्रकटीकरण करते हुए रंगोली बनाई। जिसमें लिखा, 'सशक्त नारी सशक्त परिवार' मेहंदी में महिलाओं ने भरवां, फूल और धार्मिक चिन्हों से आकर्षक डिजाइनें बनाई। मेहंदी में शिवपुरा निवासी प्रियंका विजयवर्गीय प्रथम रही। जबकि बूंदी की उमा कुमारी सुमन दूसरे स्थान पर रही।

मेहंदी प्रतियोगिता में अटरू की पूनम राजावत और जवाहर नगर निवासी सोनम सोनी ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। इस दौरान मेला समिति अध्यक्ष विवेक राजवंशी ने भी अपने दोनों हाथों में मेहंदी लगवाई। उन्हें मेहंदी लगाने वाली दोनों बालिकाओं को उन्होंने शगुन के तौर पर एक-एक हजार रुपए पारितोषिक भेंट किया।

मांडणा में भाग लेने वाली महिलाओं ने कूँची से दीवारों पर राजस्थानी लोक परंपरा को जीवित किया। मांडना प्रतियोगिता में कंसुआ निवासी प्रीति साहू और नयापुरा निवासी ज्योति साहू ने पहला स्थान प्राप्त किया। जबकि छावनी की बबली दूसरे स्थान पर रही।

साथ ही, खेड़ा रामपुर की मीना गहलोत ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। इससे पहले मेला समिति अध्यक्ष विवेक राजवंशी, कोटा महिला नागरिक सहकारी बैंक की डायरेक्टर सुमित्रा नायक, सुरभि झमनानी, भाजपा महिला मोर्चा जिला महामंत्री पूनम जैन, जिला मंत्री सरोज वर्मा ने प्रतियोगिता का शुभारंभ कराया।

इस दौरान अतिरिक्त संभागीय आयुक्त ममता तिवारी, एडीएम सीलिंग कृष्णा शुक्ला, नगर निगम उपायुक्त भावना सिंह, दयावती सैनी, शहर भाजपा की कविता पचवारिया, मेला समिति सदस्य विजयलक्ष्मी प्रजापति, रेखा गोस्वामी, रेखा यादव, रीता सलूजा, आरती शाक्यवाल, प्रमिला वर्मा, प्रतिभा गौतम भी मौजूद रही।

### कोटा हार्ट इंस्टीट्यूट ने हृदय रोग चिकित्सा और शल्य चिकित्सा में नया कीर्तिमान स्थापित किया

**कोटा,** (निसं)। कोटा हार्ट इंस्टिट्यूट ने हृदय रोग चिकित्सा और विशेष रूप से शल्य चिकित्सा (हार्ट सर्जरी) के क्षेत्र में असाधारण और उल्लेखनीय सफलता का नया आयाम स्थापित किया है।

आधुनिक समय में सामान्य रूप से काफी लंबे जाने वाली ओपन प्रक्रिया के बजाय, कोटा हार्ट इंस्टिट्यूट ने बिना हड्डी काटे और केवल 2 इंच के छोटे चीरे से की जा रही है। इस प्रक्रिया में न तो कोई पाईपिंग रहता है और न ही वायरिंग की आवश्यकता होती है।

इसे मिनिमली इनवेसिव कार्डियक सर्जरी कहा जाता है। पिछले 2 दिनों में इस प्रणाली का उपयोग कोटा हार्ट इंस्टिट्यूट के मरीजों में सफलतापूर्वक किया गया और मरीज स्वस्थ होकर डिस्चार्ज भी हो चुके हैं।

इस प्रणाली में सामान्य ओपन हार्ट सर्जरी की अपेक्षा कम दर्द होता है, अस्पताल में रुकने की अवधि कम होती है और मरीज जल्दी स्वस्थ हो जाते हैं। लगभग 10 से 15 दिनों में सामान्य जीवनशैली शुरू की जा सकती है।

इस प्रक्रिया में हड्डी नहीं काटी जाती, वायरिंग की आवश्यकता नहीं होती, जिससे बाद की समस्याओं और सावधानियों से बचा जा सकता है। यह एक अति-विशिष्ट प्रक्रिया है, जिसका उपयोग अभी तक केवल कुछ ही स्थानों पर किया गया था, लेकिन अब कोटा हार्ट इंस्टिट्यूट और श्रीजी हॉस्पिटल में इसकी नियमित सेवाएं सभी मरीजों के लिए उपलब्ध हैं।

इस अद्वितीय सफलता के पीछे कोटा हार्ट इंस्टिट्यूट और श्रीजी हॉस्पिटल्स में उपलब्ध अत्याधुनिक तकनीकी सहयोग, इंफ्रास्ट्रक्चर और अनुभवी डॉक्टर्स की टीम का योगदान है।

## राजस्थान आवासन मण्डल खण्ड कोटा

क्रमांक 608 | जाहिर आम सूचना | दिनांक - 26.9.25

आवास संख्या 3/84 नैनवा का आवंटन मण्डल द्वारा श्री कमल महावर पुत्र श्री मूलचंद महावर को किया गया था। मृत्यु प्रमाण पत्र के आधार पर श्री कमल महावर पुत्र श्री मूलचंद महावर की मृत्यु दिनांक 30.12.2019 को हो चुकी है। इनकी मृत्यु उपरांत इनके वारिसानों में श्रीमती सुशीला देवी पत्नी श्री मूल चन्द महावर एवं श्रीमती रजनी महावर पत्नी स्व. श्री कमल महावर द्वारा उक्त आवास में निहीत अपने हिस्से का त्याग जरिये घोषणा पत्र आलेखित कर दिनांक 20.06.2025 को श्री मूल चन्द महावर पुत्र स्व. श्री रतन लाल के पक्ष में किया गया। श्री मूल चन्द महावर पुत्र स्व. श्री रतन लाल द्वारा इस कार्यालय में प्रतिवेदन प्रस्तुत कर आवास संख्या 3/84 नैनवा को उक्त आवास का हस्तांतरण/प्रतिस्थापन आवेदन पत्र, क्षतिपूर्ति बन्धक पत्र, शपथ पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र एवं घोषणा पत्र के आधार पर करने हेतु आवेदन किया गया।

अत: उक्त आवास का हस्तांतरण/प्रतिस्थापन आवेदन पत्र, क्षतिपूर्ति बन्धक पत्र, शपथ पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र एवं घोषणा पत्र के आधार पर श्री मूल चन्द महावर पुत्र स्व. श्री रतन लाल के नाम करने में किसी भी पक्षकार/व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो 15 दिवस के अन्दर इस कार्यालय को सूचित करें। अन्यथा यह मानते हुए कि उक्त आवास का हस्तांतरण/प्रतिस्थापन श्री मूल चन्द महावर पुत्र स्व. श्री रतन लाल के नाम किये जाने में किसी भी व्यक्ति/पक्षकार को कोई आपत्ति नहीं है। उक्त आवास का हस्तांतरण/प्रतिस्थापन श्री मूल चन्द महावर पुत्र स्व. श्री रतन लाल के नाम कर दिया जावेगा।

आवासीय अभियन्ता राजस्थान आवासन मण्डल खण्ड कोटा

## कार्यालय नगर परिषद बारां (राज.)

क्रमांक:-नपबा/भूमि रुपां./2025/6196 | दिनांक:- 9.10.25

### भू-उपयोग परिवर्तन विज्ञप्ति

नगरीय विकास विभाग की समय समय पर जारी परिपत्र/अधिसूचना के तहत बनाये गये राजस्थान नगरीय क्षेत्र (भू उपयोग परिवर्तन नियम) के अन्तर्गत सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निर्धारित प्रक्रिया अनुसार निम्न प्रकरण का भू-उपयोग परिवर्तन हेतु जिला स्तरीय/राज्य स्तरीय भू उपयोग परिवर्तन समिति में रखा जाना प्रस्तावित हैं। उक्त भूमि के भू-उपयोग परिवर्तन बाबत किसी को आपत्ति हो तो 15 दिवस में नगर परिषद कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है। प्रकरण का विवरण निम्नानुसार है।

| क्र. सं. | आवेदक का नाम | राजस्व ग्राम खसरा नं. | जोनल प्लान (जॉन बी) में भू-उपयोग | प्रस्तावित भू-उपयोग परिवर्तन | क्षेत्रफल | विशेष विवरण |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | अकबर अली बोहरा पुत्र श्री साबिर जाति बोहरा मुसलमान निवासी भैरु पाडा अन्ता तह. अन्ता जिला बारां (राज.) | नलका खसरा नं. 410 कृष्णा नगर भूखंड संख्या 5 | सड़क मार्गाधिकार के बाद मिश्रित पश्चात आवासीय | आवासीय से व्यवसायिक | 139.40 वर्गमीटर | |

आयुक्त नगर परिषद बारां

## कार्यालय नगर परिषद बारां (राज.)

क्रमांक:-नपबा/भूमि रुपां./2025/6196 | दिनांक:- 9.10.25

### भू-उपयोग परिवर्तन विज्ञप्ति

नगरीय विकास विभाग की समय समय पर जारी परिपत्र/अधिसूचना के तहत बनाये गये राजस्थान नगरीय क्षेत्र (भू उपयोग परिवर्तन नियम) के अन्तर्गत सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निर्धारित प्रक्रिया अनुसार निम्न प्रकरण का भू-उपयोग परिवर्तन हेतु जिला स्तरीय/राज्य स्तरीय भू उपयोग परिवर्तन समिति में रखा जाना प्रस्तावित हैं। उक्त भूमि के भू-उपयोग परिवर्तन बाबत किसी को आपत्ति हो तो 15 दिवस में नगर परिषद कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है। प्रकरण का विवरण निम्नानुसार है।

| क्र. सं. | आवेदक का नाम | राजस्व ग्राम खसरा नं. | जोनल प्लान (जॉन बी) में भू-उपयोग | प्रस्तावित भू-उपयोग परिवर्तन | क्षेत्रफल | विशेष विवरण |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | अकबर अली बोहरा पुत्र श्री साबिर जाति बोहरा मुसलमान निवासी भैरु पाडा अन्ता तह. अन्ता जिला बारां (राज.) | नलका खसरा नं. 410 कृष्णा नगर भूखंड संख्या 5 | सड़क मार्गाधिकार के बाद मिश्रित पश्चात आवासीय | आवासीय से व्यवसायिक | 139.40 वर्गमीटर | |

आयुक्त नगर परिषद बारां

## खोया पाया

परमानंद मीना पुत्र गुलाबचंद मीना 351-A आरके पुरम कोटा का मूल आवंटन पत्र कब्जा पत्र कहीं गुम हो गया है किसी को मिलने पर सूचित करें।

## आम सूचना

मैं मेरे पक्षकार श्री निर्मल कुमार कुशवाह एवं श्रीमती फूल तारादेवी निवासीगण प्लाट नम्बर एल-9, पंचवटी नगर कुन्हाडी कोटा से प्राप्त निर्देशानुसार हर आम व खास को सूचित किया जाता है कि हमारी पुत्र वधु श्रीमती ज्योति कुशवाह निवासी जयपुर हाल निवासी ब्लाक ए, फ्लेट नम्बर 203, गोकुलधाम अपार्टमेन्ट लक्ष्मण विहार कुन्हाडी कोटा के द्वारा मेरे पक्षकारान के साथ की जा रही ज्यादतियों से वे काफी तंग व परेशान होकर अपने पुत्र अक्षत कुमार कुशवाह व ज्योति कुशवाह को वे उनकी तमाम जायाद से वंचित करते है। तथा उनके द्वारा दोनों को ही उनके घर एल 9 कुन्हाडी कोटा से बेदखल कर दिया है। इसलिये अब इनका मेरे पक्षकारान से कोई किसी प्रकार का सम्बन्ध नहीं रहा है। इसलिये यह सूचना दी जाती है कि कोई भी व्यक्ति उक्त दोनों से किसी प्रकार का संव्यवहार हमारे पक्षकार के विहाफ पर नहीं करें, अन्यथा उसके लिये मेरे पक्षकारान किसी भी रूप में उत्तरदायी नहीं जाने जावेंगे।

स्थान-कोटा
दिनांक 09.10.2025

भवदीय
ठा.सी.एम. कुशवाह, एडवोकेट

## न्यायालय जिला एवं सेशन न्यायाधीश कोटा (राजस्थान)

CM : 90/2025

श्रीमति सुनिता पत्नी धर्मराज मीणा उम्र 36 वर्ष निवासी ग्राम गोणदी, पो. गणेशगंज जिला कोटा, राज. ...... प्रार्थीया

- बनाम -

(1) श्रीमान शासन सचिव, ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज विभाग (पंचायतीराज) जयपुर, राज. (2) विकास अधिकारी, कार्यालय पंचायत समिति, बिजोलिया जिला भीलवाड़ा, राज. (3) तुलसीराम पुत्र स्व. बिरधीलाल (4) रामावतार पुत्र तुलसीराम निवासी ग्राम गोणदी, पो. गणेशगंज जिला कोटा, राज. (5) सर्व साधारण ...... प्रतिपक्षीगण

प्रार्थना पत्र अंतर्गत धारा 372
भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम
जनरल नोटिस

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि प्रार्थीया श्रीमति सुनिता पत्नी धर्मराज मीणा उम्र 36 वर्ष निवासी ग्राम गोणदी, पो. गणेशगंज जिला कोटा, राज. द्वारा इस न्यायालय में प्रार्थीया के स्व. पति धर्मराज मीणा पुत्र श्री तुलसीराम मीणा, निवासी-ग्राम गोणदी, पो. गणेशगंज, जिला कोटा, राज. की मृत्यु के उपरांत उनके प्रार्थीया के पक्ष में प्रतिपक्षी संख्या 1 व 2 द्वारा समस्त देय राशियां, हितलाभ एनपीएस में जमा राशि पेंशन व अनुकम्पात्मक नियुक्ति की अधिकारिणी प्रमाणित कर उत्तराधिकार प्रमाण पत्र जारी किये जाने हेतु प्रार्थीया के पक्ष में उत्तराधिकारी प्रमाण पत्र जारी करने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

अत: इस संबंध में किसी भी व्यक्ति, संस्था आदि को कोई आपत्ति हो तो इस न्यायालय में दिनांक 04.11.2025 को समय 10 AM बजे स्वयं अथवा अपने प्रतिनिधि/अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा प्रार्थी के पक्ष में उत्तराधिकार प्रमाण पत्र जारी कर दिया जायेगा। आज दिनांक 07.10.2025 को मेरे हस्ताक्षर व मोहर से जारी किया गया।

मोहर

न्यायालय के आदेश से
वरिष्ठ मुंसरिम
जिला एवं सेशन न्यायालय, कोटा (राज.)

## कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी कोटा विकास प्राधिकरण (केडीए)

क्रमांक: LU2012/KOT/2025-26/101073 | लोक सूचना | दि.09.10.2025

श्रीमति CHHOTI BAI पत्नी श्री CHOTU LAL जाति GURJAR निवासी RATHKANKARA, ENGINEERING COLLAGE KOTA ने इस कार्यालय मे नीचे उल्लिखित भूमि का **वाणिज्य** प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारी के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात्:-

| क्र. सं. | ग्राम तहसील व जिले का नाम | खातेदार का नाम | खसरा सं. | क्षेत्रफल (वर्ग मीटर) | क्षेत्रफल (हैक्टे.) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | बोराबास, लाडपुरा (कोटा) | CHHOTI BAI W/O CHOTU LAL, CASTE- GURJAR, BORABASH KOTA | 95/1 | 1225 | 0.1225 |
| | | | | कुल | 0.1225 |

इसलिए इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियो को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम, 1956 की धारा 90-क औरा राजस्थान अभिधृति अधिनियम, 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारो के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर अपनी एसएसओ आईडी से लॉग इन कर 90-A For Development Authority (UDH) आईकॉन पर जाकर समर्थक दस्तावेज को अपलोड कर अपना आक्षेप दर्ज कर सकते है। उपर्युक्त नियम समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव मे यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नही है और तद्नुसार मामले का निपटारा किया जावेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज 09/10/2025 को जारी की गयी।

प्राधिकृत अधिकारी कोटा विकास प्राधिकरण (केडीए)

## कार्यालय कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा

क्रमांक:-एफ-15/कृ.भू.रू./2025/1197 | विज्ञप्ति | दिनांक:-6.10.2025

सर्व साधारण को जर्ये विज्ञप्ति सूचित किया जाता है कि ग्राम बोरखण्डी में स्थित कृषि भूमि योजना लोटस विल नं. 16 में स्थित भूखंड संख्या 142 आवेदक/आवेदिका श्रीमती नेहा कुशवाह पत्नी श्री भूपेन्द्र सिंह सोलंकी निवासी 1228 मंशापूर्ण बालाजी के पास शिवपुरा कोटा द्वारा ऑनलाईन नाम हस्तान्तरण हेतु प्राधिकरण कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उक्त भूखंड का पट्टा क्रमांक 10376 दिनांक 30.09.2011 को राजेन्द्र मीणा पुत्र श्री मोरपाल मीणा के पक्ष में जारी किया गया था। पट्टाधारी द्वारा उक्त भूखंड का बैचान जर्ये रजि. विक्रय पत्र दिनांक 08.08.2025 को जर्ये मुख्तारआम श्री कल्याण सिंह सोलंकी पुत्र श्री भंवर सिंह सोलंकी द्वारा आवेदिका के पक्ष में किया गया है।

अत: श्रीमती नेहा कुशवाह पत्नी श्री भूपेन्द्र सिंह सोलंकी के पक्ष में नाम हस्तान्तरण जारी किये जाने में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो अन्दर 7 योम कार्यालय में उपस्थित होकर अथवा लिखित में अद्योहस्ताक्षरकर्ता को प्रस्तुत करें। मियाद गुजर जाने के बाद आपत्ति मान्य नही होगी।

उपायुक्त कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा

## कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा

क्रमांक:-एफ11/विक्रय/2025/405 | दिनांक:-9.10.25

### नाम हस्तान्तरण चाहने बाबत आम सूचना

कोटा विकास प्राधिकरण कोटा द्वारा भूखंड संख्या 208 मुकुन्दरा विहार विस्तार आवासीय योजना में आवंटन पत्र क्रमांक 41 दिनांक 10.03.2021 को श्री नन्द लाल धाकड पुत्र श्री मोहन लाल धाकड के नाम आवंटन किया गया था। श्री नन्द लाल धाकड पुत्र श्री मोहन लाल धाकड द्वारा उक्त भूखंड का जर्ये मुख्तारआम श्री सुशील माहेश्वरी पुत्र श्री चतुर्भुज द्वारा जर्ये रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दिनांक 19.08.2025 को श्रीमती पार्वती बाई मीणा पत्नी श्री जमना लाल को विक्रय कर दिया गया है। अत: श्रीमती पार्वती बाई मीणा पत्नी श्री जमना लाल द्वारा उक्त भूखंड का स्वामित्व अपने नाम से नामहस्तान्तरण करने हेतु न्यास में आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अत: जरिये आम सूचित किया जाता है कि यदि इस नाम हस्तान्तरण की स्वीकृति देने में किसी को भी कोई ऐतराज हो तो विज्ञप्ति जारी होने के 7 दिवस के अन्दर अन्दर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर दें, अन्यथा मियाद गुजरने के पश्चात उक्त भूखंड संख्या 208 मुकुन्दरा विहार विस्तार आवासीय योजना का नाम हस्तान्तरण श्रीमती पार्वती बाई मीणा पत्नी श्री जमना लाल के नाम स्वीकृति जारी कर दी जावेगी।

उपायुक्त कोटा विकास प्राधिकरण कोटा

## नगर निगम, कोटा दक्षिण-उत्तर

## 132वाँ राष्ट्रीय दशहरा मेला, कोटा

**दिनांक 10-10-2025, शुक्रवार के कार्यक्रम**

### पर्यटन विभाग का सांस्कृतिक कार्यक्रम

रात्रि 08:30 बजे। विजय श्री रंगमंच, दशहरा मैदान

गरिमामयी उपस्थिति

**श्री मुकेश मेघवाल** – जिला प्रमुख कोटा
**श्री हेमन्त विजयवर्गीय** – पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा कोटा शहर
**श्री जगदीश जिन्दल** – महासचिव रेडक्रॉस सोसायटी राज.
**श्री महावीर नायक (बिल्लू)** – महामंत्री भाजपा कोटा शहर
**श्री अशोक मीणा** – प्रदेश उपाध्यक्ष एस.टी. मोर्चा राज.

### किसान रंगमंच

रात्रि 08:00 बजे

गरिमामयी उपस्थिति

**श्री अशोक जैन** – जिला प्रवक्ता भाजपा कोटा शहर
**श्री चन्द्रप्रकाश महावर** – मण्डल अध्यक्ष रामपुरा
**श्री महेन्द्र गर्ग** – मण्डल प्रतिनिधि रामपुरा
**श्री दिनेश शर्मा(गुड्डू)** – पूर्व मण्डल अध्यक्ष

फेज़ 2, दशहरा मैदान

उपरोक्त कार्यक्रमों में आप सपरिवार सादर आमंत्रित हैं

विनीत : **विवेक राजवंशी**, अध्यक्ष एवं समस्त सदस्य, मेला समिति तथा नगर निगम कोटा दक्षिण-उत्तर

राजस्थान संवाद

| नये एचटी-उद्योग छूट और वृद्धीशील उपभोग छूट | | |
|---|---|---|
| नये उद्योग छूट | मौजूदा (रु./यूनिट) | प्रस्तावित (रु./यूनिट) |
| एमआईपी एचटी | 0.55 (रू./यूनिट) | 0.20 (रू./यूनिट) |
| वृहद | 0.85 (रू./यूनिट) | 0.30 (रू./यूनिट) |
| | | |
| वृद्धीशील उपभोग छूट | मौजूदा (रु./यूनिट) | प्रस्तावित (रु./यूनिट) |
| एमआईपी एचटी | 0.55 (रू./यूनिट) | 0.20 (रू./यूनिट) |
| वृहद | 0.85 (रू./यूनिट) | 0.30 (रू./यूनिट) |

एचटी सीपीपी (Co-Located) उपभोक्ताओं पर लगाए जाने वाले पीओसी शुल्क निम्नानुसार हैं:-

| सीपीपी प्रकार | पीओसी शुल्क (रू./केवीए/माह) |
|---|---|
| परम्परागत सीपीपी | रु. 27.237/केवीए/माह सीपीपी की स्थापित क्षमता का |
| अक्षय ऊर्जा सीपीपी | रु. 11.90/केवीए/माह सीपीपी की स्थापित क्षमता का |
| हाइब्रिड सयंत्र | उपर्युक्त दोनों परम्परागत और अक्षय ऊर्जा के अनुपात में |

1. नेट मीटरिंग और ग्रॉस मीटरिंग के अंतर्गत रूफटॉप सौर संयंत्रों को समानांतर संचालन शुल्क (पीओसी) से बाहर रखा जाएगा।
2. समानांतर संचालन शुल्क केवल ऑन-साइट/**co-located** लोड द्वारा खपत की गई बिजली तक ही सीमित होगा, ऑफसाइट सीपीपी पर नहीं और यह जनरेटर की शुद्ध क्षमता (**total capacity- open access capacity**) पर लागू होगा।
3. **Co-located** संयंत्रों पर, चाहे उनकी कैप्टिव स्थिति कुछ भी हो, पीओसी शुल्क **Co-located** भार के लिए उपयोग की गई क्षमता तक लागू होंगे। डिस्कॉम द्वारा सीपीपी के साथ किए गए विद्युत क्रय समझौतों (पीपीए) पर कोई पीओसी शुल्क लागू नहीं होगा।

**विनियामक अधिभार, ईंधन और बिजली खरीद समायोजन अधिभार (एफपीपीएएस) सहित निम्नानुसार अनुमोदित किया गया है।**

| विवरण | (रू./यूनिट) |
|---|---|
| 100 यूनिट/माह तक खपत वाले घरेलू उपभोक्ता | 0.70 |
| बचे हुए घरेलू और अन्य श्रेणी के उपभोक्ताओं पे लागू होगा। | 1.00 |

- उपरोक्त नियामक अधिभार मय ईंधन और बिजली खरीद समायोजन अधिभार (एफपीपीएएस) आरईआरसी टैरिफ विनियम 2025 के विनियम 87 के अनुसार लगाया जाएगा।
- माननीय सर्वोच्च न्यायालय के आदेश के अनुपालन में डिस्कॉम द्वारा change in law के कारण उत्पन्न अतिरिक्त लागत की वसूली के लिए आयोग द्वारा दिनांक 01.09.2022 के अपने आदेश के माध्यम से अनुमत 0.07 रुपये/यूनिट के विशेष एफएसए पर अलग से लिया जाएगा।

**नोट :- वर्तमान में वह सभी प्रावधान जो कि इस आदेश में संशोधित नही किये गये है, लागू रहेंगे।**

जेपीआर 3065(2025)
राज.संवाद/सी/25/11809

अधीक्षण अभियंता (रेगूलेशन)
जयपुर/अजमेर/जोधपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड

# संत सुधासागर रॉयल रेजीडेन्सी का भव्य शुभारंभ कल

**कोटा,** (निसं)। संत शिरोमणि आचार्य विद्यासागर महाराज के परम शिष्य निर्यापकाचार्य सुधासागर महाराज के आशीर्वाद से श्री आदिनाथ दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र चन्द्रोदय, चांदखेडी अद्वितिय प्रगति पथ पर अग्रसर है। सुधासागर महाराज के चांदखेड़ी पावन वर्षा योग सन् 2021 के शुभ प्रसंग पर महाराज का प्रबंध कार्यकारिणी को आशीर्वाद प्राप्त हुआ है। आधुनिक परिवेश को देखते हुए नवचिंतन, नवनिर्माण, नव सुव्यवस्थाओं का. चन्द्रोदय अतिशय क्षेत्र चांदखेड़ी की प्रबंध कार्यकारिणी ने नवकार्यों की श्रृंखलाबद्ध कई कार्य प्रारम्भ किये है। जिसमें प्रमुख है संत सुधासागर रॉयल रेजीडेंसी, संत सुधासागर फूड कोर्ट, अतिथि स्वागत कक्ष, गृभ गृह का विस्तार एवं संत सुधासागर द्विमंजिली गौशाला का निर्माण एवं संत सुधासागर पब्लिक स्कुल के नवभवन का निर्माण। अध्यक्ष हुकम जैन काका ने बताया कि नव संत सुधासागर रॉयल रेजीडेंसी जिसमें हमारी नवपीढ़ि के चिंतन को ध्यान में रखते हुए पूरी संत सुधासागर रॉयल रेजीडेंसी का निर्माण किया गया है। जिसमें आधुनिक सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा गया है। चन्द्रोदय अतिशय क्षेत्र चांदखेडी पर पूरे विश्व से श्रद्धालुओं की अपार संख्या लगातार कई गुना बढ़ रही है। यात्रियों की सुविधाओं को मुनिश्री ने चिंतन कर संत सुधासागर रॉयल रेजीडेंसी का आशीर्वाद प्रबंध कार्यकारिणी को दिया था। संत सुधासागर रॉयल रेजीडेंसी का शिलान्यास सुशीला पाटनी, आर. के. मार्बल किशनगढ़, प्रवासी भारतीय आशा पांड्या, अमेरिका एवं जयंति परिवार अलवर वालों ने सामुहिक रूप से निर्यापकाचार्य मुनिश्री सुधासागर महाराज के सानिध्य में किया था। महामंत्री नरेश जैन वेद ने बताया कि संत सुधासागर रॉयल रेजीडेंसी में भक्तों की सुविधा हेतु अण्डरग्राउण्ड पार्किंग व्यवस्था रखी गई है, जिसमें लगभग 250 कारें एक साथ पार्क की जा सकती है। संत सुधासागर रॉयल रेजीडेंसी को भव्यता प्रदान करने के लिये आकर्षक फर्नीचर, आकर्षक इलेक्ट्रिक डेकोरेशन किया गया है। संत सुधासागर रॉयल रेजीडेंसी में यात्रियों की सुविधा हेतु 3 लिफ्टों से युक्त है। सेंट्रल एयर कंडीशनर व सेंट्रल गरम पानी हेतु गीजर सिस्टम लगाये गये हैं। सुरक्षा की दृष्टि से फायर फाईटिंग सिस्टम की विशेष व्यवस्था की गई है। निर्यापकाचार्य सुधासागर महाराज के आशीर्वाद से संत सुधासागर रॉयल रेजीडेंसी में एक मल्टीपरपज हॉल का निर्माण किया गया है, कार्यक्रम आयोजित करने की सभी व्यवस्थाएँ उपलब्ध है। भोजन व्यवस्था हेतु संत सुधासागर फूड कोर्ट एवं कैफेटेरियां का भी निर्माण किया गया है। निर्यापकाचार्य सुधासागर महाराज के आशीर्वाद से पूरे भारत में सर्वप्रथम आधुनिक सुविधाओं के साथ में पहली बार संत सुधासागर रॉयल रेजीडेंसी का निर्माण किया।

